तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर

डब्ल्यू–6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर – 342001
Web: dte.rajasthan.gov.in, hte.rajasthan.gov.in e-mail: dte_raj@rajasthan.gov.in

क्रमांकः एफ 5(1–बी)/ई–2/2022–23/ 9401 दिनांकः 12.09.2022

डिप्लोमा प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग, नॉन इंजीनियरिंग एवं द्वितीय वर्ष (पार्श्व प्रवेश) में रिक्त रहे स्थानों पर संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की सूचना

प्रवेश सत्र 2022–23 के लिये राजस्थान के समस्त पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में केन्द्रीय प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त रिक्त रहे स्थानों पर **संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश (Direct Admission)** हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। **रिक्त स्थानों तथा प्रवेश सम्बन्धी पूर्ण विवरण एवं कार्यक्रम की सूचना विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश संबंधित तिथियां निम्नानुसार हैः–**

	प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग)	प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग)	द्वितीय वर्ष (पार्श्व प्रवेश)
सीधे प्रवेश की तिथियां	19.09.2022 से 22.09.2022 तक	21.09.2022 से 24.09.2022 तक	16.09.2022 से 20.09.2022 (रविवार को छोड़कर) तक

प्रत्येक उक्त कार्य दिवसों पर अपराहन 12:00 बजे तक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। उसी दिवस प्राप्त आवेदनों की अपराहन 01:00 बजे मेरिट लिस्ट तैयार की जाकर मेरिट अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा प्रवेश दिये जायेगे।

प्रवेश के लिए व्यक्तिगत काउंसलिंग हेतु प्रार्थी स्वयं को, सभी आवश्यक मूल (Original) दस्तावेज दसवीं/बाहरवी उत्तीर्ण की मूल अंक तालिका, राजस्थान का मूल निवास प्रमाण–पत्र एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जाति प्रमाण–पत्र इत्यादि मय शुल्क की प्रथम किश्त (शुल्क सारणी –3 के अनुसार) लेकर संबंधित संस्थान में उपस्थित होंवें। शुल्क एवं वांछित मूल दस्तावेज के अभाव में सीट आवंटन किया जाना संभव नहीं हो सकेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग) हेतु **संयोजक एवं प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर (0291–2949424)**, **प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) हेतु संयोजक एवं प्रधानाचार्य, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, गांधीनगर, जयपुर (0141–2706688) एवं द्वितीय वर्ष (पार्श्व प्रवेश) हेतु संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर (0141–2707829) हैं।**

निदेशक, तकनीकी शिक्षा

ये मुद्रित नही किया जाना है।

निदेशक, तकनीकी शिक्षा